पत्र संख्या स्था0अरा0/HMS/2021-22// 1024 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर,वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊः दिनांक 24 जून,2021

1.समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

2. अपर निदेशक(प्रशिक्षण)
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,लखनऊ।

3. समस्त अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य कर,मुख्यालय।

....

कृपया अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या 755 दिनांक 08.06.2021 का संदर्भ लेने का कष्ट करे जिसके द्वारा प्रोसेस फ्लो(दिशा-निर्देश) संलग्न करते हुये अराजपत्रित श्रेणी के कार्मिको की वित्तीय वर्ष 2020-21 की वार्षिक प्रविष्टि अनिवार्य रुप से ऑनलाईन माड्यूल के माध्यम से ही अंकित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन,उत्तर प्रदेश के पत्रांक 369 दिनांक 21.06.2021 द्वारा यह अवगत कराते हुये कि 80 प्रतिशत कार्मिको की वर्ष 2020-21 की वार्षिक प्रविष्टि सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा माह जून 2021 से पूर्व ही "manually" अंकित की जा चुकी है, इस आधार पर वर्ष 2020-21 के स्थान पर वर्ष 2021-22 की वार्षिक प्रविष्टि आनलाईन अंकित किये जाने की अनिवार्यता निर्धारित की जाये।

अतएव एसोसियेशन के उपरोक्त पत्र में अंकित तथ्यों के दृष्टिगत अपेक्षा की जाती है कि अराजपत्रित श्रेणी के कार्मिकों के सम्बन्ध में वर्ष 2020-21 की वार्षिक प्रविष्टि जिन प्रतिवेदक अधिकारियों द्वारा दिनांक 08.06.2021 तक अंकित की जा चुकी है, उसे उपरोक्त पत्र दिनांक 08.06.2021 के साथ संलग्न प्रोसेस फ्लो के आधार पर आनलाईन माड्यूल के माध्यम से अंकित किये जाने की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाये परन्तु दिनांक 08.06.2021 के पश्चात प्रदान की गई वर्ष 2020-21 की वार्षिक प्रविष्टि अनिवार्य रुप से आनलाईन माड्यूल के माध्यम से अंकित की जाये। इसके अतिरिक्त परिपत्र संख्या 543 दिनांक 27.05.2021 में दिये गये निर्देशानुसार स्वीकर्ता अधिकारी का मन्तव्य अंकित करा कर ही वार्षिक प्रविष्टि मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी।

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन)वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1 समस्त पटल प्रभारी स्थापना अराजपत्रित अनुभाग/चरित्र पंजिका सेल,वाणिज्य कर मुख्यालय।

2 आई०टी०अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करे।

3. अध्यक्ष/महामंत्री, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन,उत्तर प्रदेश

(पी0एन0यादव)
ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्था0अरा0)वाणिज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।